आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 21.04.2025 समय: 2.10 PM

## प्रधानमंत्री सिविल सेवा दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति की आवश्यकता पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों के सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है और जो फैसले ले रही है, वे अगले हजार वर्षों के भविष्य को आकार देंगे। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सिविल सेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाना शासन की कुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार देश का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है।

## प्रदेश सिविल सेवा दिवस

इधर, भोपाल में प्रशासन अकादमी में आयोजित सिविल सेवा दिवस समारोह का मुख्यमंत्री मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया गया. समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास में सबने अपना योगदान दिया। उन्होंने नवाचारों का संकलन करने की भी सलाह दी।

## जबलपुर स्कूल

जबलपुर में शिक्षा विभाग ने 38 निजी स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी गई है। नए शिक्षा सत्र 2025-26 में इन स्कूलों में पढ़ाई नहीं हो सकेगी। शिक्षा विभाग ने पाया कि 38 स्कूलों के आवेदन में जरूरी दस्तावेजों की कमी है, वहीं बुनियादी सुविधाओं का अभाव और नियमों का पालन नहीं किया गया। शिक्षा विभाग के अनुसार, जिले

में कक्षा एक से 8वीं तक के कुल 743 स्कूल संचालित थे, लेकिन, इस कार्रवाई के बाद नए सत्र में 1 से 8वीं तक के 705 स्कूल ही संचालित हो पाएंगे।

रायसेन हादसा

रायसेन जिले में सुल्तानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल-जबलपुर मार्ग पर आज सुबह एक तेज रफ्तार जीप बम्होरी ढाबे के पास पुलिया से टकराकर 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में जीप में सवार छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। रायसेन पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि हादसे में दो महिलाओं, एक बच्ची और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि चालक को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ।

समाचार संक्षेप में...

1. मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज उज्जैन स्थित रामघाट पर सफाई मित्रों संग जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्य में सहभागिता की और सफाई मित्रों को सम्मानित किया।
2. शिवपुरी जिले के कलेक्ट्रेट भवन एवं बीआरसी कार्यालय के पास मौजूद उपडाकघरों में सौन्दर्यीकरण किया गया है । जिसका लोकार्पण शिवपुरी विधायक देवेन्द्र कुमार जैन ने किया। और
3. विदिशा जिले में पत्थरों की खदानों के लिए मशहूर गंजबासौदा तहसील के प्राचीन उदयपुर क्षेत्र में वन विभाग को बेशकीमती पत्थरों के अवैध उत्खनन को रोकने हेतु ड्रोन की मदद से कामयाबी मिली है।
4.भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल के साथ प्रदेश के पूर्वी हिस्से के शहरों में भी गर्मी बढ़ गई है। सीधी में कल पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि 40 शहर ऐसे रहे, जहां तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक रहा।

नमस्कार

..............................